<u>जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे ग्रामीण क्षेत्रों हेतु सतही जल स्रोत आधारित मथुरा बहुल ग्राम पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 27.05.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।</u>

बैठक में उपस्थित अधिकारियों/प्रतिनिधियों का विवरण निम्नानुसार है–

1. श्री नन्द प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, मथुरा।
2. श्री धनंजय जायसवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी, मथुरा।
3. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
4. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
5. श्री अशोक शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पैकेज-2, एनसीसी-एपको जेवी, मथुरा।
6. श्री रोहित कुमार डी0पी0एम0, टी०पी०आई० (Fichtner), आगरा क्लस्टर।
7. श्री मोहित सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, जी०ए० इन्फ्रा प्रा०लि०, राजस्थान।
8. श्री नीतिश झा, क्वालिटी इंचार्ज, एनसीसी-एपको जेवी, मथुरा।
9. श्री जे०पी० शुक्ला, बजरंग सेवा समिति (आई०एस०ए०), चित्रकूट।
10. श्री मोहित सिंह, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, मेधज टेक्नो प्रा०लि०।

बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए–

1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्थल निरीक्षण (Site Visit): जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की वास्तविक प्रगति परखने हेतु जिलाधिकारी (DM) महोदय द्वारा स्वयं साइट विजिट (Visit) किया जाना तय हुआ है, जिसकी तैयारी कार्यदायी संस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करें।

2. मैनपावर एवं मशीनरी में त्वरित वृद्धि: पाइप लेइंग (Pipe Laying) के कार्यों की गति अत्यंत धीमी पाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए मैनपावर (Manpower) बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही साइट पर वर्तमान में चल रही मशीनों की संख्या को तत्काल दोगुना (6 × 2 = 12 Nos) करने के निर्देश दिए गए ताकि लक्ष्य समय से पूरा हो सके।

3. पैकेज-2 की प्रगति हेतु PPT प्रस्तुतीकरण: पैकेज-2 के अंतर्गत (जहां लगभग 1500 मैनपावर कार्यरत है) चल रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति और प्रगति को स्पष्ट रूप से समझने के लिए कार्यदायी संस्था को पॉइंट-वार (Point-wise) पीपीटी (PPT) बनाकर आगामी कार्यदिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

4. गुणवत्ता नियंत्रण एवं लंबित NCR का निस्तारण: निर्माण कार्यों में गुणवत्ता (Quality) सुनिश्चित करने हेतु जारी किए गए कुल 9 NCR (Non-Conformance Report) की समीक्षा की गई। इनमें से 7 NCR को क्लोज (Close) किया जा चुका है। शेष 2 लंबित (Pending) NCR को तकनीकी मानकों के अनुरूप तत्काल निस्तारित कर क्लोज करने के कड़े निर्देश दिए गए।

5. सड़क तोड़ने की रिपोर्ट एवं रेस्टोरेशन (Road Restoration): ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन डालने हेतु काटी गई सड़कों के बैलेंस रोड रेस्टोरेशन (Balance Road Restoration) कार्य को बिना किसी विलंब के पूर्ण (Clear) करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, "मरम्मत हेतु अवरोध" की समस्याओं को तत्काल समाप्त किया जाए।

6. Google Sheet Form के माध्यम से समन्वय: DPRO द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में काटी गई सड़कों के संबंध में तैयार की गई सड़क तोड़ने वाली रिपोर्ट (Report List) को तत्काल उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध

कराया जाए। इस हेतु DPRO महोदय एक Google Sheet Form तैयार कर जल निगम के साथ साझा करेंगे ताकि डेटा का त्वरित मिलान हो सके।

7. हैण्डपम्पों की तत्काल मरम्मत एवं परिकल्पना: ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु DPRO महोदय को हैण्डपम्पों की मरम्मत (HP Repair) एवं उनके परिकल्पना (Design) संबंधी कार्यों को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए गए।

8. स्रोत स्थिरता (Source Sustainability) हेतु संयुक्त टीम का गठन: सतही स्रोत आधारित ग्रामीण पेयजल योजनाओं में नहर बंदी (Canal Closure) या वार्षिक सिल्ट-सफाई (Canal Cleaning) के दौरान गांवों में जलापूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए एक संयुक्त तकनीकी/प्रशासनिक टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। इस टीम में ADM (नमामि गंगे), XEN (Irrigation - सिंचाई विभाग), DPRO एवं संबंधित क्षेत्रों के BDO (खंड विकास अधिकारी) शामिल रहेंगे, जो स्रोत स्थिरता आख्या (Source Sustainability Report) तैयार करेंगे।

अनुमोदित

29/5/26

अपर जिलाधिकरी, नमामि गंगे
मथुरा

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक 490 / जल जीवन मिशन/ 122 दिनांक 30-5-2026

<u>प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।</u>

1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी ।
3. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

<u>प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

4 सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेरषित।

5. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0-एपको (जे0वी0) (पैकेज-। एवं ।।), मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेरषित।

6. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्ना, प्रा0लि0) मथुरा।

ह0